卐 ॥ श्री हरिः ॥ 卐

सन्मार्ग

बिहार की समृद्धि के लिए काम करूंगा—इमलाइड जीवेट

॥ नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः॥

'भाषाओं की नींव पर बनेगा विकसित भारत'—पेज 02

बर्द्धमान, शुक्रवार 17 अप्रैल, 2026

भारत से प्रकाशित पूर्वी भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक www.sanmarg.in

हुगली, हल्दिया, खड़गपुर, बर्द्धमान, रानीगंज, आसनसोल, बीरभूम, बांकुड़ा

वैशाख कृष्णपक्ष अमावस्या 30, विक्रम संवत् 2083, वर्ष 8, अंक 253, पूर्णांक 2754, मूल्य 4.00 रु., कुल पेज 10

DPS, आसनसोल के विद्यार्थियों ने किया दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

▶ सुचेता सरकार ने 98.4% अंकों के साथ किया टॉप

सन्मार्ग संवाददाता

आसनसोल : दिल्ली पब्लिक स्कूल, आसनसोल के विद्यार्थियों ने इस वर्ष कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस शानदार सफलता के पीछे छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच सुदृढ़ समन्वय, विश्वास एवं निरंतर परिश्रम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। परीक्षा परिणामों में सुचेता सरकार ने 98.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। रुद्रांश कुशवाहा 97.6% अंकों के साथ द्वितीय तथा वेदांत गादयान 97.4% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। विषयवार प्रदर्शन में भी छात्रों ने उत्कृष्टता

सुचेता सरकार

दिखाई । शत प्रतिशत अंक हासिल कर प्रियम ने गणित में, जबकि सुचेता सरकार एवं वेदांत गादयन ने सामाजिक विज्ञान में, प्रियम, सुचेता, तनुश्री एवं टियाने कंप्यूटर विषय में शानदार प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त, तनुश्री ने हिंदी में 99% अंक प्राप्त किया, जबकि सुचेता सरकार ने बंगाली में 99 % एवं अंग्रेज़ी में 95% अंक अर्जित किए। विद्यालय की इस सफलता में खेल-कूद की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतिभाशाली खिलाड़ी सूर्या सारथी ने 94.8 % अंक प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि शिक्षा और खेल एक-दूसरे के पूरक हैं।

विद्यालय की प्रधानाचार्या विनीता श्रीवास्तव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता सामूहिक प्रयास, अनुशासन एवं समर्पण का परिणाम है। उन्होंने सभी छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी तथा भविष्य में और बेहतर परिणामों की आशा व्यक्त की।